दैनिक रणजीत टाइम्स
वर्ष 1 - अंक 1
बुधवार 13 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585


## अनुमति के विरुद्ध


# प्रकाश चंद्र भोजवानी द्वारा किया गया अवैध निर्माण

### निगम में शिकायत होने के बावजूद कोई 'कार्यवाही' नहीं


रणजीत टाइम्स











**इंदौर।** इंदौर के झोन क्रमांक 18 एवं वार्ड क्रमांक 63 के अंतर्गत आने वाली स्कीम नम्बर 31 के पटेल नगर के भूखंड क्रमांक 37 में प्रकाश चंद्र पिता दीपचंद्र भोजवानी द्वारा परमिशन के विरुद्ध अवैध निर्माण कर रखा जिसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय में की गई उसके बावजूद निगम द्वारा किसी प्रकार की कोई कारवाही नहीं की गई है।

न ही अवैध निर्माण को हटाया गया हे जहां एक प्रकाश चंद्र भोजवानी को अनुमति आवासीय निर्माण की थी परन्तु भोजवानी द्वारा अवैध रूप से तल घर एवं 6 दुकानों का निर्माण किया जो कि अनुमति के विरुद्ध हे जहां एक और निगम द्वारा अवैध तल घर एवं बेशमेंट को हटाया जा रहा वही भोजवानी का अवैध निर्माण अभी तक मौजूद हे क्या निगम द्वारा देख कर भी अनदेखा किया जा रहा हे या भोजवानी जैसे अवैध निर्माण करता को प्रशासन का खौफ नहीं हे इस अवैध निर्माण की शिकायत ईओडब्ल्यू में भी की गई हे परन्तु अभी तक किसी प्रकार की कोई कारवाही नहीं हुई हे



शिकायत कर्ता
अजय यादव

वही भोजवानी द्वारा बेशमेंट में एक हजार स्क्वायर का निर्माण किया गया हे जो कि अनुमति के विरुद्ध अब देखने वाली बात हे कि निगम द्वारा इस अवैध निर्माण को कब हटाया जाता है।

### मंत्री समर्थक एवं संस्था सर्वधर्म के अध्यक्ष

# मंजूर बेग द्वारा भ्रामक खबर चलाने पर की गई शिकायत

आदित्य शर्मा

**विगत दिनों एक यू ट्यूब चैनल पर एक भ्रामक और पूर्वाग्रह से ग्रसित खबर प्रसारित किए जाने के बाद मंजूर बेग ने साइबर सेल से लेकर क्राइम ब्रांच तक में शिकायत की है।**



**इंदौर।** वतथाकथित यू ट्यूब चैनल पर आधारहीन बिना सबूतों के सामाजिक कार्यकर्ता पर कई सनसनीखेज बाते टी आर पी और सस्ती लोकप्रियता के चलते चलाई गई जिसके बाद मानसिक तौर पर खुद को प्रताड़ित महसूस कर रहे है। जिसके चलते वकील के माध्यम से मानहानि का नोटिस भी इस तथाकथित यू ट्यूब चैनल और उसके पत्रकारों को भेजा जा रहा है। वही पुलिस ने भी आवेदन प्राप्त कर आगे की कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

विदित है सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड चल पड़ा है जिसमें आए दिन किसी भी प्रबुद्ध और सामाजिक व्यक्ति को किसी विशेष प्रभावना के चलते बदनाम करने का खेल खेला जा रहा है।

## बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी बुलेट में लगाई आग, पास खड़ी एक दोपहिया वाहन भी जलकर खाक

इंदौर। इंदौर में रात के अंधेरे में बदमाशों ने वाहन में आग लगाई। घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों कि तलाश कर रही है। इन दिनों शहर में वाहन चोरी के साथ वाहनों को आग लगाने वाली गैंग काफी सक्रीय है। मामला विजय नगर थाना क्षेत्र में सामने आया है जहां तीन अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी दो पहिया वाहनों को आग लगा दी। बताया जा रहा है कि विजय नामक युवक के घर के बाहर खड़ी बुलेट वाहन में अज्ञात बदमाशों ने आग लगने की वारदात को अंजाम दिया गया है।

### स्वयं की भूमि पर

# मकान बनाने के लिए मिलेंगे 2.50 लाख रुपये



## मोहन सरकार ने केंद्र की योजना को दी स्वीकृति

भोपाल। नवकरीण उर्जा के क्षेत्र में मोहन सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मुरैना में सोलर एनर्जी स्टोरेज सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया गया। कैबिनेट से पास होते ही मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां सोलर एनर्जी को स्टोरेज किया जाएगा। मुरैना में सोलर से उत्पन्न होने वाली पॉवर को स्टोरेज किया जाएगा। यह देश का पहला राज्य होगा जहां सोलर ऊर्जा के संग्रहण का काम होगा। वहीं, बाबई में 314 एकड़ भूमि और सोलर पॉवर स्टेशन के लिए आवंटित की गई। इससे पहले 214 एकड़ भूमि पर सोलर पॉवर के जमीन दी गई थी। इस परियोजना के सोलर पॉवर में मांग आपूर्ति में संतुलन बनेगा। वहीं, भोपाल के नजदीक भौंरी में सोलर पॉवर के लिए 21.94 एकड़ भूमि आंवटित की गई है। कैबिनेट में मोहन सराकर ने केंद्र की योजना को स्वीकृति दी है, जिसमें आगामी शहरी और ग्रामीण आवासीय योजना के तहत स्वयं की भूमि पर मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए सरकार देगी। योजना में लोगों को राशि देने के बाजार में भी मुद्रा के साइकिलिंग में बढ़ोतरी होगी। 3 करोड़ नए आवास को केंद्र सरकार ने अनुमति दी है। इसमे शहरी क्षेत्र के लिए 2.50 लाख और 1.50 लाख रुपये ग्रामीण क्षेत्र के लिए मिलेंगे। कैबिनेट में मुख्यमंत्री ने एमपी 2047 के विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए मंत्रियों को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।




# देवों को उठाने में अनोखी परंपरा

**हाथों में दिए लेकर निकले हजारों लोग**

**अशोकनगर**। देवउठनी एकादशी के अवसर पर देवों को जगाने के लिए मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में बरसों से अनोखी परंपरा निभाई जा रही है। जहां शहर के हजारों श्रद्धालु एकादशी पर देवों को जगाने के लिए हाथों में दीप लेकर 'सिया राम, जय राम, जय जय राम' के वाचन के साथ प्रातः काल में शहर के प्राचीन महादेव मंदिर राजराजेश्वर की परिक्रमा लगाते हैं।

### देवउठनी एकादशी देश देशभर में धूमधाम से मनाई

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में देवों को जगाने के लिए भारत की अनोखी परंपरा है। यहां शहर के हजारों महिलाएं और पुरुष प्रातः काल हाथों में दीप लेकर शंख, झालर और मुख पर सियाराम, जय राम, जय जय राम के उद्घोष के साथ मंगल प्रभात फेरी के रूप में निकलते हैं। प्रभात फेरी का आयोजन वर्षों से अक्षर पीठ संस्था के द्वारा पंडित कैलाशपति नायक के नेतृत्व में निकाला जाता है।प्रभात फेरी सुबह 4:45 बजे पुराना बाजार स्थित श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई, जोकि पाराशर मोहल्ला, विदिशा रोड, लंबरदार मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, मोती मोहल्ला, प्रोसेशन रोड, सुराणा चौराहा, बजरिया मोहल्ला, इंदिरा पार्क, सुभाष गंज रामलीला मंच, गंज फाटक से तुलसी पार्क की परिक्रमा करते हुए गांधी पार्क होकर माधव भवन गढ़ी श्री गोपाल जी मंदिर पहुंचकर खत्म हुई।

### घर- घर सजे दीप

### सड़कों पर बनाई रंगोली

देश के इस ऐतिहासिक और अनोखे आयोजन को लेकर शहर के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने जिन मार्गों से प्रभात फेरी निकालनी थी, वहां लोगों ने अपने घरों के बाहर रंगोली सजाई। लोगों ने अपने घरों के बाहर दीप प्रज्वलित कर सजाया, जिससे यह मार्ग किसी धार्मिक नगरी अयोध्या, मथुरा, काशी जैसा प्रतीत हो रहा था। इस दौरान प्रभात फेरी में पंडित कैलाशपति नायक शंख ध्वनि का उद्घोष कर धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे। प्रभात फेरी में 40 बालिकाओं ने श्वेत व पीले वस्त्र पहनकर क्रमबद्ध तरीके से झांझर-मंजीरा और शंख की ध्वनि का वादन किया। लोगों ने अपने घरों से प्रभात फेरी पर पुष्प बरसा कर स्वागत किया और आतिशबाजी की।

## बिजली विभाग में फैला रिश्वतखोरी का करंट, ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए मांगे पैसे; आरोपी गिरफ्तार

रणजीत टाइम्स

**जबलपुर**। लोकायुक्त ने सोमवार की शाम बड़ी छापेमारी करते हुए बिजली विभाग के खितौली जेई और उनके सहायक ऑपरेटर को 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दरअसल ग्राम लोहरवाड़ा में राजेश पटेल की बन रही राइस मील में 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगना था। इसी का एस्टीमेट और डिमांड नोट तैयार करने के लिए एमपीईबी के डीई राजीव चतुर्वेदी ने पैसे मांग की थी तो इसी काम के लिए खितौली जेई चंचल गुप्ता ने 40 हजार रुपए की मांग कर डाली थी।जिसकी लिखित शिकायत बी क्लॉस के ठेकेदार बलराम पटेल ने जबलपुर लोकायुक्त एसपी से करते हुए कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। जिस पर डीएसपी सुरेखा परमार के नेतृत्व में एक टीम गठित करते हुए कटनी जिले के ग्राम खितौली रवाना किया गया, जहां पहुंचकर लोकायुक्त ने कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में 500-500 के नोटों की गड्डी लेते ऑन ड्यूटी जेई और ऑपरेटर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था।

# मप्र विधानसभा: शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू



भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 5 दिनों तक चलने वाले सत्र का समापन 20 सितंबर को होगा। बताया जा रहा है कि सत्र में सरकार 04 विधेयक ला सकती है।



# टोल देने के बाद भी रास्ता जर्जर

धूल से लोग भी परेशान

**एमपीआरडीसी द्वारा संचालित महू-घाटा बिल्लौद फोरलेन मार्ग के घाटा बिल्लौद से पीथमपुर चौपाटी तक के मुख्य मार्ग और महिंद्रा ओवर ब्रिज के दोनों ओर के सर्विस मार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है।**

**इंदौर।** जर्जर और दयनीय स्थिति से आम लोगों और वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।पूरे मार्ग के लिए वाहन चालकों को प्रति ट्रिप टोल टैक्स चुकाने के बाद भी वाहन चालकों को भारी जोखिम उठाने के साथ ब्रिज निर्माण के चलते औद्योगिक क्षेत्र के अंदरूनी मार्गों में भटकते हुए निकलना पड़ रहा है। टोल वसूलने वाली कंपनी को मार्ग के संबंध में बार-बार अवगत करवाने के बावजूद महज औपचारिकता पूरी करते हुए गड्ढों में बेतरतीब तरीके से सीमेंट के ब्लाक लगा दिए गए हैं।

## निर्माण कार्य के चलते हो रहे सड़क हादसे

इससे छोटे और दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ट्रैफिक को सर्विस मार्ग और अंदरूनी मार्गों पर किया डायवर्ट घाटाबिल्लोद से पीथमपुर चौपाटी तक मुख्य मार्ग पर कई जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। कुछ गड्ढे भरे भी गए तो उन्हें इतना ऊबड़ खाबड़ भरा गया है कि वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इंडोरामा के फ्लाईओवर निर्माण के चलते निर्माणाधीन एजेंसी द्वारा लगभग 4 महीने से अधिक समय से दोनों तरफ के मार्ग को बंद कर सर्विस मार्ग पर एक ओर का ट्रैफिक चालू किया।वहीं, महू की ओर से आने वाले भारी वाहनों को टाटा चौराहा से औद्योगिक क्षेत्र के अंदरूनी मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। हालांकि, उन्हें किस मार्ग से जाना है इसके लिए कोई संकेत नहीं लगाए गए हैं। कई बार वाहन चालक स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क और अन्य मार्गों पर भटकते रहते हैं।

## 2025 तक चलेगा ब्रिज का निर्माण

फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के कारण महू-पीथमपुर की ओर जाने वाले वाहन कच्चे रास्ते से जा रहे हैं, जिससे उड़ रही धूल से व्यापारियों को भी परेशानी उठाना पड़ रही है। साथ ही उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। ब्रिज का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा करना है। इस स्थिति में भी खराब सड़क को नहीं सुधारा जा रहा है। कृषक और व्यवसायी बने सिंह जवरा, उद्योगपति पलकेश तिवारी, लक्की जायसवाल ने बताया कि फोरलेन मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, क्षतिग्रस्त सर्विस मार्ग और धूल गिट्टी उड़ने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बगैर अनुमति के आयोजन पर लगाया गया प्रतिबंध

**इंदौर।** मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था / राजनैतिक संगठन / अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है।सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा।

# फर्जी निवेश के नाम पर ठगी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम से ठगी करने वाली राजस्थान की अंतरराज्यीय गैंग का शातिर तीसरा आरोपी, क्राइम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में गिरफ्तार। ठग गैंग अन्य 11 राज्यों की पुलिस को दे रही थी चकमा, पर इंदौर क्राइम ब्रांच की कार्यवाही में धराई।**

**इंदौर। शहर में लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड व ठगी के अपराधों की रोकथाम व इनमें संलिप्त बदमाशों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।**

उक्त निर्देशो के अनुक्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही के तहत फर्जी निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के एक और आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इंन्वेस्टीगेशन सेल टीम द्वारा फरियादी अमित उपाध्याय निवासी इंदौर से फ्रॉड की संपूर्ण जानकारी लेकर जांच की गई जिसमे ज्ञात हुआ कि आवेदक को एक व्हाट्सएप ग्रुप यूएसबी सिक्योरिटी मे जोड़ा गया एवं फरियादी को लगातार व्हाट्सएप चैटिंग एवं व्हाट्सएप कॉलिग के माध्यम से लुभावने वादे एवं पैसा डबल करने के नाम पर विभिन्न बैंक खाते मे फरिदायी से 26,50,000/- रुपए जमा करवा लिए। आवेदक द्वारा रुपए जमा करने के बाद जब अनावेदक से रुपया वापस करने का मांग की गई तो रुपए निकालने के नाम पर आवेदक को और अधिक रुपए जमा करने को कहा गया आवेदक द्वारा मना करने पर अनावेदक ने अपने व्हाट्सएप मोबाइल नंबर बंद कर लिए एंव फरियादी से पुरी तरह से संपर्क तोड दिया था, फरियादी की शिकायत पर थाना अपराध शाखा इंदौर में अपराध 113/24 धारा 318(4), 316(5), 11(4), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# मक्का की जोरदार आवक

## भाव कम मिलने पर किसानों का जबरदस्त हंगामा

शिवपुरी। जिले में इस बार मक्का का जोरदार उत्पादन हुआ है। जिले की मंडियों में मक्का की जोरदार आवक है और किसानों को इसके अच्छे भाव नहीं मिल रहे हैं। कोलारस की कृषि उपज मंडी में सोमवार को कम भाव मिलने पर किसान नाराज हो गए और उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। मंडी में हंगामा कई घंटे तक चलता रहा। इस बीच भाव लगाने वाले व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों ने डाक बंद कर दी। किसानों के इस हंगामे के चलते कई घंटे यहां पर डाक बंद रही। किसानों के इस हंगामे के बीच मौके पर नायब तहसीलदार और पुलिस ने यहां पर किसानों को समझाइश दी लेकिन किसान नहीं माने। बाद में करीब 2 घंटे बाद यहां पर डाक लगना शुरू होगी हो सकी।

### किसानों का आरोप भाव मिल रहे हैं कम

कोलारस कृषि उपज मंडी में मक्का बेचने के लिए आए किसानों ने आरोप लगाया कि बीते कुछ दिनों पहले 2200 रुपए क्विंटल तक में मक्का खरीदी जा रही थी। अब व्यापारियों ने 200 से 300 रुपए तक भाव कम कर दिए हैं। सोमवार को 1700 से लेकर 1800 रुपए क्विंटल तक के भाव लगाए जा रहे थे, जिसके कारण किसानों ने इसका विरोध किया। वहीं दूसरी ओर व्यापारियों का कहना है कि प्रतिदिन के हिसाब से जो भाव होते हैं, उसके हिसाब से भाव लगाया जाता है। इस समय आवक ज्यादा है और बाहर मक्का की मांग कम है, इसके कारण दाम गिर गए हैं लेकिन किसान इस बात को मानता नहीं है।50 हजार क्विंटल प्रतिदिन मक्का की आवक शिवपुरी जिले में इस साल मक्का का जोरदार उत्पादन हुआ है। इसके कारण शिवपुरी, कोलारस, बदरवास सहित अन्य कृषि उपज मंडियों में प्रतिदिन करीब 50 हजार क्विंटल तक मक्का की आवक हो रही है। अधिक आवक के चलते शिवपुरी जिले से यह माल राजस्थान और अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। इस साल किसानों ने मौसम अनुकूल रहने के कारण इसका जोरदार उत्पादन किया। आवक ज्यादा होने से किसानों के इसके कम भाव मिल रहे हैं। कोलारस और बदरवास की मंडियों में हालात यह हैं कि यहां पर 1000 से ज्यादा ट्रॉली प्रतिदिन किसान लेकर पहुंच रहे हैं।मंडी में किसानों ने हंगामा किया तो मंडी सचिव रहे गायब कोलारस की कृषि उपज मंडी में जब किसानों ने हंगामा किया तो इस दौरान मंडी के जिम्मेदार अधिकारी यहां से गायब रहे। नायब तहसीलदार सचिन भार्गव मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाइश दी कि वह व्यापारियों से बात करके आपकी उपज का सही भाव दिलाएंगे। अधिकारियों की समझाइश के बाद किसान माने और फिर डाक शुरू हो सकी।



# संभाग बेड़े में अब शामिल होगा निमाड़, ऐसा होगा स्वरूप

**भोपाल।** प्रदेश के मौजूदा 10 संभागों की संख्या में बढ़ोतरी की तैयारी तेज हो गई है। इस कवायद में प्रदेश के अंतिम छोर तक बसे जिलों को एक नई पहचान देने के प्रयास किए जा रहे हैं। मिर्ची, कपास और गन्ने की खेती के लिए प्रसिद्ध इस इलाके में बड़ी पर्वत शृंखला भी मौजूद है। अब तक इंदौर संभाग में शामिल रहे इन जिलों को निमाड़ संभाग का तमगा मिलने वाला है। प्रदेश में एक नया संभाग बढ़ाने की कवायद शुरू हो चुकी है। नए सिरे से किए जा रहे जिला सीमाओं के सीमांकन के दौरान अब निमाड़ को भी नया संभाग बनाने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, इस नए संभाग में खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर और बड़वानी जिलों को शामिल किया जाएगा। अब तक इंदौर संभाग में शामिल इन जिलों की संभागीय मुख्यालय से दूरी अधिक होने के चलते नया संभाग गठित किया जा रहा है।पश्चिम और दक्षिण क्षेत्रों में बंटे निमाड़ की जमीन बहुत उपजाऊ मानी जाती है। यह क्षेत्र खासकर कपास, गन्ना और मिर्च उत्पाद के लिए पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में ख्याति रखता है। इसके अलावा इस क्षेत्र की पर्वत शृंखला भी देशभर में पहचानी जाती है।

### पीथमपुर होगा इंदौर का

धार जिले में शामिल लेकिन मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित पीथमपुर को अब नई पहचान इंदौर जिले का हिस्से का होने की मिलने वाली है। औद्योगिक क्षेत्र में मौजूद बड़ी फैक्ट्रियों का फायदा पिछड़े जिले धार को देने की शुरुआती मंशा रही, लेकिन रेलवे, वायुयान से लेकर शहरी सुविधाओं की वजह से कॉरपोरेट को हमेशा इंदौर ही पसंद रहा। इसके अलावा कर्मचारियों, अधिकारियों और मजदूरों को भी इंदौर से पीथमपुर आवाजाही आसान रही है, उसके चलते इस औद्योगिक क्षेत्र का फायदा अब तक धार की बजाए इंदौर को ही मिलता रहा है। नए बदलाव के दौरान अब पीथमपुर, इंदौर जिले का हिस्सा बन जाएगा।

### बुधनी और सांची की दिक्कतें दूर

जिला मुख्यालय से दूरी के साथ मौजूद कुछ नगर अब पड़ोसी जिले में शामिल होने वाले हैं। कई किलोमीटर दूर सीहोर जिले में शामिल बुदनी अब नई व्यवस्था में नर्मदापुरम के साथ दिखाई देगा। इसी तरह सांची को भी रायसेन से हटाकर विदिशा जिले में शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि यह दोनों नगर अपनी मौजूदगी से महज चंद किलोमीटर दूर स्थित जिला मुख्यालय की बजाए दूरस्थ जिलों में शामिल हैं। जिसके चलते जरूरी कामों के लिए लोगों लंबी दूरी की यात्रा करना पड़ती है।

### बनेंगे नए जिले

मप्र स्थापना के समय कुल 48 जिलों का साथ रखने वाले प्रदेश में अब कुल 55 जिले हो चुके हैं। अब नए सिरे से किए जा रहे सीमांकन के साथ इस संख्या में कुछ नए जिलों का समावेश होने वाला है। इनमें विदिशा जिले से कटकर सिरोंज नया जिला बनाया जाएगा। नर्मदापुरम में शामिल पिपरिया भी अब नया जिला बनने वाला है। इसी तरह सागर जिले में शामिल बीना भी नए जिले का आकार लेगा। बदलाव यह भी होंगे सतना की चित्रकूट बनेगी नई तहसील। बैतूल का मुलताई होगा पांढुर्णा में शामिल।

## स्निफर डॉग के रिटायरमेंट में पहुंचे जिले के टॉप अफसर

# 2019 के अतरैया हत्याकांड समेत 18 मामले सुलझा चुकी 'राधा'

**रीवा। मध्य प्रदेश पुलिस ने राधा नाम की एक पुलिस डॉग को भावुक विदाई दी है। राधा ने लगभग 10 साल तक पुलिस विभाग में काम किया और कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाने में मदद की।**

राधा को रिटायरमेंट समारोह में सम्मानित किया गया, जहां उसे माला पहनाई गई और उसका पसंदीदा भोजन दिया गया।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ने राधा के काम और उसके द्वारा सुलझाए गए मामलों को याद किया। राधा को 2016 में रीवा पुलिस में शामिल किया गया था। राधा एक स्निफर डॉग है, जिसका काम अपराध स्थलों पर सुराग खोजने में पुलिस की मदद करना होता है। 2017 में, राधा ने शाहपुर में एक 5 साल की बच्ची की हत्या के मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसने 2019 में हुए अतरैया हत्याकांड सहित कई अन्य मामलों को सुलझाने में भी मदद की।

### 18 से अधिक मामले सुलझाए

पुलिस के अनुसार, राधा ने अकेले ही 18 से अधिक आपराधिक मामलों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुर्भाग्य से, राधा को कैंसर हो गया है और उसका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। इस कारण, पुलिस ने उसे 10 साल की सेवा के बाद रिटायर करने का फैसला किया है। राधा को अब रिटायर हुए पुलिस डॉग्स के लिए बने एक विशेष केंद्र में भेजा जाएगा, जहां उसकी देखभाल की जाएगी और उसका इलाज किया जाएगा। रिटायरमेंट के समय, एडिशनल एसपी विवेक लाल सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। इस दौरान, राधा के काम और उसके द्वारा सुलझाए गए मामलों को याद किया गया। राधा लगभग एक साल पहले बीमार हो गई थी। उसे इलाज के लिए जबलपुर ले जाया गया था, जहां पता चला कि उसे कैंसर है। पुलिस के अनुसार, राधा की बीमारी के कारण वह अब काम पर वापस नहीं आ सकती है। इसलिए उसे रिटायरमेंट दे दिया गया है। अब उसे भोपाल में पुलिस विभाग के रिटायर डॉग्स के लिए बने एक खास घर में रखा जाएगा।